Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 2026 / 7805 अनुस्मारक–4 दिनांक : 06.05.26

प्रेषक

(अति आवश्यक / महत्वपूर्ण)

कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य,
समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय–UP Praman Portal पर सूचनाओं को पूरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी के पत्र संख्या–क्षे0का0वा0 / 3654–58 / 2025–26 दिनांक 03.02.2026, पत्र संख्या––क्षे0का0वा0 / 3865–69 / 2025–26 दिनांक 20.02.2026 एवं पत्र संख्या––क्षे0का0वा0 / 4290–94 / 2025–26 दिनांक 28.03.2026 के क्रम में क्रमशः विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–पू0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 / 3254 दिनांक 06.02.2026, पत्र संख्या–पू0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 / 3346 दिनांक 21.02.2026 एवं पृष्ठांकन पत्र संख्या–पू0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 / 3743 दिनांक 30.03.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा UP Praman Portal पर समस्त राजकीय / अशासकीय / स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को पंजीकृत कराये जाने एवं पोर्टल पर पैरामीटर 01 से पैरामीटर 44 तक सम्बन्धित सूचनाओं को पूरित करने का निर्देश दिये गये हैं किन्तु अद्यतन आप द्वारा पंजीकरण नहीं कराया गया है।

इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी का पत्र संख्या––क्षे0का0वा0 / 343–47 / 2026–27 दिनांक 05.05.2026 विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है जिसके द्वारा यह अवगत कराया गया है कि प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश द्वारा Monthly Data Submission निर्धारित समयावधि में न करने एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के पोर्टल पर पंजीकृत न होने पर बार–बार अप्रसन्नता व्यक्त किया गया है।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय को UP Praman Portal (https://uppraman.upsdc.gov.in) पर पंजीकृत करते हुए पोर्टल पर पैरामीटर 01 से पैरामीटर 44 तक सम्बन्धित Data Submission भी करने का कष्ट करें। शासन स्तर पर उक्त के सम्बन्ध में प्रतिदिन पोर्टल का अवलोकन किया जाता है एवं साप्ताहिक समीक्षा की जाती है।

अतः समस्त सम्बन्धित का व्यक्ति ध्यान अपेक्षित है।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
3. वेबमास्टर का इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव